<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2720

11 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन में मंदी

2720. श्री के. जे. एल्फोंसः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान देश में इस्पात के उत्पादन में मंदी आई है;

(ख) इस मंदी के क्या कारण है; और

(ग) क्या सरकार इस्पात उद्योग को संकट से उभारने के लिए कुछ कर रही है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): जी नहीं।

(ग): इस्पात उद्योग एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। भारतीय इस्पात कंपनियाँ वाणिज्यिक और बाजार गतिशीलता के आधार पर अपने निर्णय लेती हैं। सरकारी की भूमिका देश में इस्पात क्षेत्र के विकास हेतु सुविधाप्रदाता की है। सरकार राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 स्वदेश में विनिर्मित लौह व इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति, इस्पात स्क्रैप नीति इस्पात आयात निगरानी प्रणाली (एसआईएमएस) लाई है तथा स्वदेशी इस्पात उत्पादों को बढ़ावा दिया है। व्यापार के अनुचित तरीकों को रोकने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को अधिसूचित किए हैं।

****